(d) whether there is any scheme in operation in Tamil Nadu for the protection of lions and tigers?

THE MINISTER OF STATE FOR ENVIRONMENT AND FORESTS (INDEPENDENT CHARGE) (SHRI KAMAL NATH): (a) Total area of reserve forests in the country is 4,06,119 sq. kms.

(b) Total area of reserve forests in Tamil Nadu is 22,319 sq. kms.

(c) According to the latest census figures, the estimated number of wild animals is 12,725. The census of wild animals is undertaken in Wildlife sanctuaries only.

(d) Lions are not found in the wild in Tamil Nadu. Central Assistance under the scheme 'Project Tiger' is provided for development of Kalakad—Mundanthurai Tiger Reserve.

दिल्ली में पर्यावरण पार्क और अनुसंधान केंद्र और विश्व पर्यावरण सूचना केंद्र स्थापित किया जाना

117. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या पर्यावरण और वन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) भारतीय पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण संस्थान की दिल्ली में पर्यावरण पार्क, अनुसंधान केन्द्र और विश्व पर्यावरण सूचना केन्द्र स्थापित करने की कोई योजना है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में ब्यौरा क्या है ?

पर्यावरण और वन मंत्रालय में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार (श्री कमल नाथ) : (क) सरकार को इस सम्बन्ध में संस्थान से किसी तरह का कोई प्रस्ताव अथवा सूचना प्राप्त नहीं हुई है ।

(ख) प्रश्न नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में एशियाई भाषा संस्थान की स्थापना

118. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या कुशीनगर, उत्तर प्रदेश में एशियाई भाषा संस्थान की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव है ; और

(ख) यदि हां, तो इस सम्बन्ध में अब तक क्या कार्यवाही की गई है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) (क) इस समय कुशीनगर (उत्तर प्रदेश) में एक एशियाई भाषा संस्थान गठित करने का कोई ठोस प्रस्ताव नहीं है । तथापि बुद्धा स्नातकोत्तर कालेज, कुशीनगर (उ० प्र०) के प्रिंसिपल के साथ-साथ वहां के कुछ निवासियों ने ऐसा एक संस्थान गठित करने पर विचार करने के लिए मंत्रालय से अनुरोध किया है ।

(ख) जिन व्यक्तियों ने जिन्होंने उपर्युक्त अनुरोध किया था, अपने अनुरोध के समर्थन में स्वेच्छा से पूर्ण ब्यौरे प्रस्तुत करने के लिए इच्छा व्यक्त की थी जो अभी प्राप्त होते हैं ।

बिहार में पुरातत्व संबंधी खुदाई

119. **श्री शंकर दयाल सिंह** : क्या मानव संसाधन विकास मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) बिहार में चेचर, वैशाली, तथा विक्रमशिला नामक स्थानों पर पुरातत्व सम्बन्धी खुदाई का कितना कार्य हुआ है;

(ख) इन उत्खननों के परिणाम स्वरूप अभी तक क्या तथ्य उभरकर सामने आये हैं; और

(ग) 1991-92 के वर्ष के दौरान बिहार में किन-किन स्थानों पर पुरातत्व संबंधी खुदाई किए जाने का प्रस्ताव है ?

मानव संसाधन विकास मंत्री (श्री अर्जुन सिंह) : (क) चेचर में 1977-78 और 1988-89 के दौरान; वैशाली में 1903, 1913-14, 1950, 1958-62, 1988-89 और 1990-91 में; तथा विक्रमशिला में 1962-63 और 1972-1981 में खुदाई-कार्य किया गया था ।

(ख) इन उत्खनन-कार्यों के परिणाम इस प्रकार हैं.—